http://amritkalashtimes.com

# अमृत कलश टाइम्स

वर्ष : 18
अंक : 16

प्रयागराज सोमवार 30 सितम्बर 2024


पृष्ठः- 4, मूल्यः- एक रुपया

# मेरे पूरे परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है: बघेल

रायपुर,(एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने बेटे चौतन्य और बेटी दीप्ति से पुलिसिया पूछताछ को लेकर कहा कि मेरे पूरे परिवार को प्रताड़ित किया जाएगा। इस संबंध में श्री बघेल ने वीडियो जारी कर कैप्शन में लिखा,"मैं बहुत सारी बातें मीडिया को बताता नहीं हूं। इसलिए आप लोगों को पता नहीं चल पाता है। मैं जितना अधिक जनता से जुड़े मुद्दे उठाऊंगा, ये लोग मेरे परिवार को प्रताड़ित करेंगे, पहले भी मेरी मां को परेशान किया था।" रायपुर में मीडिया से चर्चा में श्री बघेल ने कहा,"जब मैं मुख्यमंत्री था, तब हम उदयपुर सम्मेलन में जा रहे थे। इसी एयरपोर्ट में हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ था। उस दिन मेरा बेटा इडी (प्रवर्तन निदेशालय) कार्यालय में बैठा था। हम आज से निशाने पर नहीं हैं। अब तो डबल इंजन की सरकार बन गई है।" उन्होंने कहा,"मेरे बच्चों की शादी हुई तो इडी ने सभी बैंकों के खाते खंगाले कुछ नहीं मिला। हम 5–6 साल से निशाने पर हैं। उससे पहले जब श्री रमन सिंह मुख्यमंत्री थे तब भी निशाने पर थे, अभी भी निशाने पर हैं क्योंकि जितना जनता से जुड़े मुद्दे हम उठाएंगे उतना मुझ पर और मेरे परिवार पर हमला होगा।" श्री बघेल ने कहा कि यह तो भारतीय जनता पार्टी का हमेशा से काम करने का तरीका है। उसके लिए तैयार हैं। ऐसी छोटी–मोटी बाधाओं से हम डरने वाले नहीं है। जनता से जुड़े काम राजनीति में रहकर कर रहे हैं, इससे पहले उन्होंने मेरी मां को नोटिस भेजा था। गौरतलब है कि श्री बघेल की बेटी दीप्ती से बुधवार को और बेटे चौतन्य से गुरुवार दोपहर भिलाई थाने में करीब चार घंटे पूछताछ की गई। पुलिस ने चौतन्य का मोबाइल जब्त कर लिया है। चौतन्य ने कहा कि उन्हें बयान देने के लिए पुलिस ने बुधवार रात आठ बजे नोटिस दिया था। वही दर्ज कराने के लिए आए थे।



# बाइडेन ने अपनापन दिखायाः पीएम




- **300 कलाकृतियां लौटाईः मन की बात के 10 साल पूरे होने पर कहा– कार्यक्रम मंदिर में पूजा करने जैसा**
- **मोदी बोले–झांसी की महिलाओं ने घुरारी नदी को जीवन दिया**
- **बोरियों में बालू भरकर चेकडैम बनाया, बारिश का पानी बचाकर नदी को लबालब किया**

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रोताओं को 'मन की बात' कार्यक्रम का असली सूत्रधार करार देते हुए रविवार को कहा कि इस रेडियो कार्यक्रम ने साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है और सकारात्मक बातें एवं प्रेरणादायी उदाहरण उन्हें बहुत पसंद आते हैं। आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी को संबोधित करते हुए मोदी ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता अभियान के महत्व को भी रेखांकित किया और लोगों से इसमें भाग लेने का आह्वान किया। यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती हैऔर जानें 'मन की बात' की इस कड़ी के साथ ही इसके 10 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इस कार्यक्रम की लंबी यात्रा में ऐसे कई पड़ाव आए जिन्हें वह कभी भूल नहीं सकते। उन्होंने कहा, ''हमारी इस यात्रा के कई ऐसे साथी हैं जिनका हमें निरंतर सहयोग मिलता रहा है। देश के कोने–कोने से उन्होंने जानकारियां उपलब्ध कराईं। 'मन की बात' के श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि आमतौर पर एक धारणा ऐसी गढ़ी गई है कि जब तक किसी कार्यक्रम में चटपटी और नकारात्मक बातें ना हों तब तक उसे ज्यादा तवज्जो नहीं मिल पाती। उन्होंने कहा, ''लेकिन मन की बात ने साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है। सकारात्मक बातें एवं प्रेरणादायी उदाहरण लोगों को बहुत पसंद आते हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह कार्यक्रम से जुड़ी चिट्ठियों को पढ़ते हैं और पाते हैं कि देश में कितने प्रतिभावान लोग हैं और उनमें देश एवं समाज की सेवा करने का कितना जज्बा है तो उन्हें गर्व होता है। उन्होंने कहा, '' 'मन की बात' की यह पूरी प्रक्रिया मेरे लिए ऐसी है जैसे मंदिर जाकर ईश्वर के दर्शन करना।'' उन्होंने इस कार्यक्रम से जुड़े सभी लोगों के अलावा इसके प्रचार प्रसार में योगदान देने वाले मीडिया समूहों का आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के दौरान जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, 'एक पेड़ मां के नाम' और स्वच्छता अभियान के महत्व को भी रेखांकित किया। मोदी ने कहा कि 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के 10 साल पूरे हो रहे हैं और हर क्षेत्र में निर्यात बढ़ रहा है तथा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में बढ़ोतरी इसकी सफलता का प्रमाण है।

## बस और ट्रक की टक्कर में तीन लोगों की मौत, 11 घायल

भभुआ,(एजेंसी)। बिहार में कैमूर जिले के मोहनियां थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह बस और ट्रक के बीच हुयी टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी तथा 11 अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बस पर सवार लोग गया से पिंडदान करने के बाद उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जा रहे थे। इस दौरान राष्ट्रीय उच्चपथ संख्या 2 पर बरहुली गांव के समीप बस सड़क




किनारे खड़े ट्रक से टकरा गयी। इस घटना में बस पर सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी तथा 11 अन्य घायल हो गये। सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के हैदरगढ़ तहसील निवासी विश्वनाथ मिश्र, स्वामी बिन्द और जितेन्द्र तिवारी के रूप में की गयी है।घायलों को मोहनियां अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां चार लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुयी है।शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया गया है।

# शिक्षा और अध्यात्म का समावेश करके ही पाई जा सकती है अराजकता से मुक्तिः सीएम

गोरखपुर,(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि शिक्षा और अध्यात्म का समावेश करके ही अराजकता से मुक्ति पाई जा सकती है। आदित्यनाथ ने गुरुकुलों में हवन की पुरानी आर्य समाज पद्धति का अनुसरण किए जाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने रविवार को यहां मेवालाल गुप्त गुरुकुल विद्यालय में नवनिर्मित सभागार, पांच कक्षों और प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने गुरुकुल के पुनरुद्धार के लिए 'गोरखपुर गुरुकुल सोसाइटी' के अधिकारियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर विकास प्राधिकरण ने एक करोड़ पांच लाख रुपये की निधि से यह निर्माण कार्य समय पर पूरा किया। रविवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, योगी आदित्यनाथ ने लोकार्पण समारोह में कहा, ''गुरुकुलों में यज्ञ और हवन की पुरानी आर्य समाज पद्धति का




अनुसरण होना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''जब तक गुरुकुलों में यह परंपरा जीवित रही, तब तक वहां का वातावरण आध्यात्मिक और अनुशासनपूर्ण था, जिससे पठन–पाठन के बेहतरीन परिणाम सामने आते थे।'' योगी ने कहा कि आज के समय में शिक्षा और अध्यात्म का समावेश करके ही अराजकता से मुक्ति पाई जा सकती है। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर गुरुकुल विद्यालय को शिक्षा के साथ–साथ कौशल विकास पर भी जोर देने को कहा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर गुरुकुल विद्यालय की स्थापना 1935 में हुई थी। आजादी से पूर्व इस गुरुकुल में आध्यात्मिक और राजनीतिक गतिविधियों के कारण तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने इसे पांच साल के लिए बंद कर दिया था।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को मेवालाल गुप्त गुरुकुल विद्यालय में नवनिर्मित सभागार, पांच कक्षों और प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने गुरुकुल के पुनरुद्धार के लिए गोरखपुर गुरुकुल सोसाइटी के पदाधिकारियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर विकास प्राधिकरण ने एक करोड़ पांच लाख रुपये के सीएसआर फंड से यह निर्माण कार्य समय पर पूरा किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुकुलों में यज्ञ और हवन की पुरानी आर्य समाज की पद्धति का अनुसरण होना चाहिए। उन्होंने बताया कि जब तक गुरुकुलों में यह परंपरा जीवित रही, तब तक वहां का वातावरण आध्यात्मिक और अनुशासनपूर्ण था, जिससे पठन–पाठन के बेहतरीन परिणाम सामने आते थे। योगी आदित्यनाथ ने जोर दिया कि आज के समय में शिक्षा और अध्यात्म का समावेश करके ही अराजकता से मुक्ति पाई जा सकती है।स्किल डेवलपमेंट और उद्यमिता पर जोर मुख्यमंत्री ने गुरुकुल विद्यालय को शिक्षा के साथ–साथ स्किल डेवलपमेंट और उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कोई भी वंचित बच्चा शिक्षा से वंचित न रह पाए।

## शिवपुरी जिले में बारिश के पानी से भरे गड्ढे में डूबने से तीन बच्चों की मौत

भोपाल,(एजेंसी)। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीओपी) विजय यादव ने बताया कि चचेरे भाई नीरज (8), संजय (6) और वीर (4) दोस्तों के साथ पानी से भरे गड्ढे में खेल रहे थे, तभी वे डूबने लगे। मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में बारिश के पानी से भरे गड्ढे में खेलते समय चार से आठ



साल के तीन चचेरे भाइयों की शनिवार कोडूबने से मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि घटना दोपहर में जिला मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर दूर कोलारस थाना क्षेत्र के पडोरा गांव के बाहरी इलाके में हुई। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीओपी) विजय यादव ने बताया कि चचेरे भाई नीरज (8), संजय (6) और वीर (4) दोस्तों के साथ पानी से भरे गड्ढे में खेल रहे थे, तभी वे डूबने लगे। उन्होंने बताया कि अन्य बच्चों द्वारा सतर्क किए जाने के बाद, ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तीनों लड़कों को बाहर निकाला। हालांकि, तब तक चचेरे भाइयों की मौत हो चुकी थी।

# भूपेंद्र हुड्डा ने बवानी खेड़ा में मांगे वोट

- **भाजपा के झूठे वादों से जनता थकीय सभी पोर्टल बंद करेंगे, सुविधाएं बढाएंगे**

बवानी खेड़ा,(एजेंसी)। हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्ध्डा ने रविवार को भिवानी जिले के बवानी खेड़ा अंतर्गत आने वाले गांव कुंगड़ के दादा चंदेरा चौक पर चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा जनता बदलाव चाहती है, क्योंकि भाजपा राज में जनता इनके झूठे वादों से थक चुकी है। कांग्रेस राज के समय में प्रदेश नंबर वन पर था, आज प्रदेश भ्रष्टाचार, अपराध, गुंडागर्दी में नंबर वन पर है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप नरवाल के लिए लोगों से वोट की अपील की। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि उनके संकल्प पत्र में जनहितैषी योजनाएं शामिल की गई हैं। सरकार आते ही उन्हें तुरंत प्रभाव से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता बदलाव चाहती है। लोग कह रहे हैं कांग्रेस आ रही है, भाजपा जा रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा असुरक्षित प्रदेश बन चुका है। हुडडा ने बताया कि कांग्रेस सरकार आने पर बुजुर्गों की पेंशन 6 हजार की जाएगी, 2 हजार रुपए महीना हर महिला को दिया जाएगा, गैंस सिलेंडर 500 रुपए का किया जाएगा। और भी बहुत सारी सुविधाएं प्रदेश की जनता को दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि आज खाद, कीटनाशक, डीजल महंगा हो गया है। हर वर्ग इस सरकार से दुखी है। भाजपा सरकार पर उन्होंने नौकरियां बेचने का आरोप लगाया और कहा कि आज दो लाख पद रिक्त है। आते ही दो लाख पदों की भर्ती की जाएगी। मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल, कौशल रोजगार, पीपीपी आदि जनता पर बोझ बताते हुए कहा इन पोर्टलों को बंद किया जाएगा। बदमाशों व नशे का सफाया होगा। हुड्डा ने कहा कि पूर्व विधायक रामकिशन फौजी इस नरवाल को आगे आकर इलेक्शन जितवाओ। इसके जितने पर नरवाल व फौजी दोनों को पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। वहीं उन्होंने इशारों ही इशारों में निर्दलीय चुनाव लड़कर वोट काटने वालों पर भी करारा प्रहार करते हुए बताया कि ये बीजेपी के इशारे पर चुनाव लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर को बवानी खेड़ा में प्रियंका गांधी व सांसद दीपेन्द्र हुडडा भी कांग्रेस प्रत्याशी के लिए वोट की अपील के लिए आएंगे। इस अवसर पर सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, युवा वरिष्ठ कांग्रेस नेता आजाद सिं, संदीप सिंह, रघुवीर सिंह आदि मौजूद रहे।



## जम्मू–कश्मीर के कठुआ में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में पुलिसकर्मी शहीद

जम्मू(एजेंसी)। अधिकारियों ने बताया कि शुरू में गोलीबारी कुछ देर तक चली लेकिन बाद में दोनों पक्षों के बीच भारी गोलीबारी शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि गोलीबारी में एक पुलिस हेड कांस्टेबल शहीद हो गया और सहायक उपनिरीक्षक घायल हो गया। कठुआ जिले के एक सुदूर गांव में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों



के बीच मुठभेड़ के दौरान शनिवार शाम जम्मू–कश्मीर पुलिस का एक हेड कांस्टेबल शहीद हो गया और एक सहायक उपनिरीक्षक घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिलावर तहसील के कोग–मंडली गांव में मुठभेड़ शाम लगभग साढ़े पांच बजे शुरू हुई, जब सुरक्षा बलों ने एक घर में आतंकवादियों के एक समूह की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद संयुक्त घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि शुरू में गोलीबारी कुछ देर तक चली लेकिन बाद में दोनों पक्षों के बीच भारी गोलीबारी शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि गोलीबारी में एक पुलिस हेड कांस्टेबल शहीद हो गया और सहायक उपनिरीक्षक घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि अंतिम सूचना मिलने तक गोलीबारी जारी थी। इससे पहले एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ''आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने कोग गांव में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया था। आतंकवादियों से आमना–सामना होने के बाद दोनों ओर से कुछ राउंड गोलियां चलाई गईं।'' अधिकारी ने बताया कि अतिरिक्त बल भेजकर इलाके की कड़ी घेराबंदी कर दी गई है।

# हसन नसरल्ला के बाद हाशेम सफीद्दीन बना नया हिजबुल्ला प्रमुख

- **2017 में यूएस ने घोषित किया था आतंकवादी**

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। 27 सितंबर को इस्राइल के बेरूत में किए गए हमले में हिजबुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला की मौत के बाद संगठन के नए उत्तराधिकारी के नाम पर चर्चा शुरू हो गई थी। अब इसके नाम का खुलासा हो गया है। बता दें कि नसरल्ला का चचेरा भाई हाशेम सफीद्दीन संगठन का नया प्रमुख बन गया है। बेरूत में इस्राइली हवाई हमलों में हिजबुल्ला नेता हसन नसरल्ला की हाल ही में हुई मौत ने हाशेम सफीदीन को चर्चा का केंद्र बना दिया है, जिन्हें संभावित उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा था। 32 वर्षों तक समूह का नेतृत्व करने वाले नसरल्ला की हमले में मौत की पुष्टि हो गई, जिससे हिजबुल्ला को अपने 42 साल के इतिहास में संगठन की तरफ से सामना किए गए सबसे भीषण सैन्य हमले के बीच एक नए नेता का चयन करने की चुनौती का सामना करना पड़ा। कौन हैं हिजबुल्ला का नया प्रमुख हाशेम सफीद्दीन? जानकारी के मुताबिक हाशेम सफीद्दीन हिजबुल्ला के कार्यकारी परिषद के प्रमुख के रूप में समूह के राजनीतिक मामलों की देखरेख करता हैं और जिहाद परिषद में भी शामिल होता हैं। जो हिजबुल्ला के सैन्य अभियानों का निर्देशन करती है। हसन नसरल्लाह के चचेरे भाई, सफीद्दीन काली पगड़ी पहनकर मौलवी का दर्जा साझा करते हैं, जो पैगंबर मुहम्मद के वंशज होने का संकेत देता है। अमेरिका ने 2017 में घोषित किया था आतंकी हाल ही में हुए हमलों में कथित रूप से बचे सफीदीन हिजबुल्ला संगठन में महत्वपूर्ण पदों पर हैं। उसे 2017 में अमेरिकी विदेश विभाग की तरफ से आतंकवादी घोषित किया गया था।

सफीदीन को उनके आक्रामक बयानों के लिए जाना जाता है।

एक समाचार एजेंसी के अनुसार, एक अंतिम संस्कार में, हाशेम सफीद्दीन ने इस्राइल के खिलाफ एक बड़ी धमकी दी, कि दुश्मन को रोने के लिए तैयार रहना चाहिए।



# जीरो टेरर प्लान

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जम्मू–कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई अपने निर्णायक चरण में है। आतंकवाद बड़ी संगठित आतंकी हिंसाओं से सिमट कर महज छद्म लड़ाई रह गया है।केंद्रशासित प्रदेश में हाल ही में हुए आतंकी हमलों के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए उच्चस्तरीय बैठक हुई जिसमें शाह ने आंतकी गतिविधियों पर पूरी तरह नकेल कसने यानी जीरो टेरर प्लान लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को मिशन मोड पर काम करने और समन्वित तरीके से त्वरित प्रतिक्रिया सुनिशिचत करने का भी निर्देश दिया। मोदी सरकार के जम्मू–कश्मीर से आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने में कोई कसर न छोड़ने की बात भी दोहराई।आने वाले महीनों में प्रदेश में चुनाव भी होने हैं, और चौबंद सुरक्षा से चुनाव सहजता से कराने में मदद मिलेगी। शाह ने जून के अन्त में शुरू होने वाली पवित्र अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा की। हालांकि बीते हफ्ते ही आतंकियों ने राज्य के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर हमले किए जिनमें नौ तीर्थयात्रियों मौत और एक जवान शहीद हो गया। घटना में सात सुरक्षाकर्मियों समेत कई अन्य घायल हुए हैं।

हालांकि इस दरम्यान मुठभेड़ में सेना ने दो आतंकी मारे गिराए जिनकी पहचान पाकिस्तानी नागरिक के तौर पर हुई। उनके पास से भारी मात्रा में गोला–बारूद और हथियार बरामद हुए। सरकार के कड़े रुख और स्पष्ट निर्देशों के चलते सैन्य बलों का उत्साह लगातार बढ़ रहा है। खासकर मोदी सरकार के शांति बहाली के प्रयासों से स्थानीय रहवासी भी सुकून की सांस ले पा रहे हैं। सीमा पार से आतंक रोकने और घुसपैठियों का खात्मा करने की कोशिशों का ही नतीजा है कि कश्मीर में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है।सरकार द्वारा बहुस्तरीय सुरक्षा कवर लगाने का आह्वान तथा तीर्थस्थलों और सभी पर्यटन स्थलों के प्रति सुरक्षा बढ़ाने की कवायद में तेजी लाने का असर जल्द देखने को मिल सकता है। मानव खुफिया जानकारी जुटाने और घुसपैठ के ठिकानों को बंद करने के अलावा क्षेत्र में सक्रिय आतंकियों का सफाया करने निर्णय केंद्र के सकारात्मक प्रयासों का नमूना है। प्रतीत हो रहा है कि तीसरी बार सत्ता में आते ही मोदी सरकार ने पूरी तैयारी के साथ आतंकवाद से जूझने के लिए कमर कस ली है।

# आज का राशिफल



डॉ बिपिन पाण्डेय ज्योतिष विभाग लखनऊ विवि

मेष–आज मन खुश रहेगा व जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के आसार हैं आपको थोड़ा संयम से रहने की आवश्यकता होगी। आपके परिवार का कोई सदस्य आपके लिये मार्गदर्शक बनेगा। थकान महसूस होगी। आराम के लिए समय निकालें।

वृष –आज आपको स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता होगी। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य हासिल करने में थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है लेकिन उन्हें इस कड़ी मेहनत का अपेक्षित परिणाम भी हासिल होगा। दिन की शुरुआत में आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है।

मिथुन –आज अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। आपको पहली नजर में किसी से प्यार हो सकता है। घर में मरम्मत का काम या सामाजिक मेल–मिलाप आपको व्यस्त रखेगा। व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है।

कर्क –दुश्मन की ताकत का अंदाजा लगाए बिना उलझना ठीक नहीं है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। धर्म–कर्म में आस्था बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में विलंब संभव है। लाभ होगा। अपने प्रेमी या जीवनसाथी की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह –आज पुरानी गलतियों को लेकर भय बना रहेगा। साझेदारी में चल रहा गतिरोध दूर होने के आसार है। आयात–निर्यात के कारोबार में बड़ा लाभ संभव है। समान विचारधारा वाले लोगों के साथ काम करना आसान रहेगा। दूसरों की गलती अपने पर आ सकती है। काम में देरी से लाभ की मात्रा सीमित होगी।

कन्या –आज के दिन आपको सुख–समृद्धि, कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुखद सफल यात्राएं, परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं। विवाहित व्यक्ति अपने जीवनसाथी में पूर्णतया विश्वास जतायें अन्यथा संबंधों में खटास पैदा हो सकती है। आपके कर्मक्षेत्र, आपके सम्मान व आपके नाम पर पडने के आसार हैं।

तुलाःआज भाग्य आपके साथ है। लंबे समय से चले आ रहे प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है। आज स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। अचानक सेहत बिगड़ सकती है और कई जरूरी काम भी रुक सकते हैं। परिवार के लोग आपसे थोड़े नाराज हो सकते हैं।

वृश्चिकः आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं।आज जिस नए समारोह में आप शिरकत करेंगे, वहाँ से नयी दोस्ती की शुरुआत होगी। आज आपका प्रिय आपके साथ में समय बिताने और तोहफे की उम्मीद कर सकता है।

धनुः आज आपके परिश्रम से किए गए कार्य में सिद्धि होगी। नौकरी में आप का सम्मान बढेगा। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे। और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप अपने प्रिय द्वारा कही गयी बातों के प्रति काफी संवेदनशील होंगे। अगर आप सूझ–बूझ से काम लें, तो आज अतिरिक्त धन कमा सकते हैं।

मकरः आज आपके आय के नए स्रोत बनेंगे। आकस्मिक धन के अवसर मिलेंगे। मित्रों और जीवनसंगिनी के सहयोग से राह आसान होगी। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। दफ्घ्तर का तनाव आपकी सेहत खराब कर सकता है। अपने जज्बात पर काबू रखें। आज आपको अपने प्रिय की याद सताएगी।

कुंभः आज आप करिअर से जुड़े फैसले खुद करें, बाद में इसका लाभ आपको मिलेगा। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। माता–पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे। आज दोस्तों के साथ बाहर घूमना आपके मन को खुशी देगा।

मीनः आज भाग्य पर निर्भर न रहें और अपनी सेहत को सुधारने की कोशिश करें। आप उन लोगों की तरफ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो आपसे मदद की गुहार करेंगे। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है।

# संविधानिक ढांचे और लोकतंत्र को चुनौती

डॉ. ब्रह्मदीप अलूने

वे माओवादी हिंसा को दरकिनार करके इसे गरीब आदिवासियों का विद्रोह कहती हैं। करीब डेढ़ दशक पहले उन्होंने रेड कॉरिडोर के केंद्र माने जाने वाले बस्तर की गुपचुप यात्रा की और दंडकारण्य में माओवादियों के साथ काफी वक्त बिताया।

वे माओवादियों को भाई, साथी या कॉमरेड कह कर लाल सलाम कहने में फख्र महसूस किया करती थीं। उन्हें संविधान और लोकतंत्र आदिवासियों की खिलाफत का अस्त्र नजर आता है। 1997 में प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार से सम्मानित अरुंधती रॉय अपनी किताब श्वॉकिंग विद द कॉमरेड्सत्र में लिखती हैं–श्भारतीय संविधान, जो भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला है, संसद द्वारा 1950 में लागू किया गया। यह जनजातियों और वनवासियों के लिए दुरूख भरा दिन था। संविधान में उपनिवेशवादी नीति का अनुमोदन किया गया और राज्य को जनजातियों की आवास भूमि का संरक्षक बना दिया गया। मतदान के अधिकार के बदले में संविधान ने उनसे आजीविका और सम्मान के अधिकार छीन लिए।त्र



अरुंधती अपनी इस किताब में माओवादियों को आंतरिक सुरक्षा का खतरा बताए जाने का मखौल उड़ाती हैं। भारत की यह ख्यात लेखिका मानवाधिकार के मुद्दों पर सरकार पर हमले करने से परहेज नहीं करतीं। अरुंधती कश्मीर में तैनात फौज को जनता की दुश्मन बताती हैं। उन्हें संसद पर हमले के प्रमुख आरोपी अफजल गुरु से हमदर्दी रही। अपने ब्लॉग में वह भारत की पूरी न्याय प्रक्रिया पर कटाक्ष करते हुए कहती हैं–श्लेकिन अब जब अफजल गुरु को फांसी दे दी गई है, तो मुझे उम्मीद है कि हमारी सामूहिक अंतरात्मा संतुष्ट हो गई होगी। या फिर हमारे खून का प्याला अभी भी आधा ही भरा है?त्र 2010 में राजधानी दिल्ली में एक कार्यक्रम में उन्होंने सार्वजानिक रूप से कहा–श्कश्मीर कभी भी भारत का हिस्सा नहीं था और उस पर भारत के सशस्त्र बलों ने जबरन कब्जा कर लिया था।त्र

कश्मीर की पृथकतावादी ताकतों के लिए अरुंधती पसंदीदा चेहरा हैं, और उनके विचारों को वे भारत के बौद्धिक वर्ग की आवाज कह कर दुनिया भर में प्रचारित करते हैं। 2010 में दिल्ली पुलिस ने उनके खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया था। उन पर भारत विरोधी भाषण देने और कश्मीरी अलगाववाद का समर्थन करने का आरोप लगाया गया। अब अरुंधती रॉय के खिलाफ गैर–कानूनी गतिविधियां अधिनियम के तहत मुकदमा चलेगा।

अरुंधती अच्छी लेखिका हैं, और उन्हें पसंद करने वाले देश–विदेश के कई लोग हैं, जिन्हें लगता है कि अरुंधती पर मुकदमा कायम करना,अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को रोकने जैसा है। 2023 के फ्रैंकफर्ट पुस्तक मेले में सलमान रुश्दी ने अरुंधति पर मुकदमा चलाने के कदमों की आलोचना करते हुए कहा था–श्वह भारत की महान लेखिकाओं में से एक हैं, और बहुत ईमानदार और जुनूनी इंसान हैं। उन मूल्यों को व्यक्त करने के लिए उन्हें अदालत में लाने का विचार शर्मनाक है।त्र

भारत की विविधता और जटिलता में बहुत सारे विरोधाभास हैं, और इसे स्वीकार भी किया जाना चाहिए। अरुंधती ने अपनी लेखनी और आंदोलनों में हिस्सा लेकर इन्हें समाज के सामने लाने में महती भूमिका निभाई है। आजादी और स्वतंत्रता की पक्षधर इस लेखिका को 45वें यूरोपीय निबंध पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। अरुंधती भारतीय लेखिका के रूप में देश–विदेश में आमंत्रित की जाती हैं, लेकिन वे अक्सर भारत की छवि को निरंकुशता के करीब ले आती हैं। अरुंधती गरीब आदिवासियों के लिए भारतीय संविधान को शोषण के अस्त्र के रूप में प्रस्तुत करते हुए दिखाई पड़ती हैं।

संविधान का अवलोकन करें तो उनके दावों से उलट आदिवासियों की सुरक्षा, संरक्षण और विकास के लिए कई उपबंध शामिल किए गए हैं। अनुच्छेद 15(4) अनुसूचित जनजातियों की शैक्षिक उन्नति के लिए विशेष प्रावधान सुनिश्चित करता है। अनुच्छेद 46, राज्य को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के शैक्षिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देने और उन्हें सामाजिक अन्याय एवं सभी प्रकार के शोषण से संरक्षित करने का निर्देश देता है। अनुच्छेद 350 विशिष्ट भाषाओं, लिपियों या संस्कृतियों के संरक्षण के अधिकारों का प्रावधान करता है। लोकतांत्रिक देश में व्यापक प्रतिनिधित्व के लिए संविधान में संसद और विधानसभाओं में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटों के आरक्षण का प्रावधान किया गया है। संविधान की पांचवी अनुसूची के अंतर्गत संवैधानिक प्रावधान भूमि अधिग्रहण आदि के कारण जनजातीय आबादी के विस्थापन के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करते हैं।

भारत का रेड कॉरिडोर का क्षेत्र सशस्त्र विद्रोह के लिए जाना जाता है, और यह इलाका हिंसाग्रस्त रहा है। अरुंधती आदिवासियों के हितों के लिए मुखर रहें, यह उनका अधिकार है लेकिन संविधानिक तंत्र को शोषित वर्ग के खिलाफ प्रचारित करने की उनकी कोशिशें भारत की आंतरिक शांति को भंग करती दिखाई पड़ती है। भारत का संविधान अभिव्यक्ति की आजादी को देश के रचनात्मक विकास के लिए जरूरी तो बताता है लेकिन देश की एकता एवं अखंडता की रक्षा के लिए भी सजग है। भारतीय दंड संहिता की धारा 124–ए में देश की एकता एवं अखंडता को हानि पहुंचाने के प्रयास को देशद्रोह के रूप में परिभाषित किया गया है। देशद्रोह के अंतर्गत शामिल हैं, सरकार विरोधी गतिविधि और उसका समर्थन, देश के संविधान को नीचा दिखाने का प्रयास और कोई ऐसा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष, लिखित या मौखिक कृत्य जिससे सामाजिक स्तर पर देश की व्यवस्था के प्रति असंतोष उत्पन्न हो।

अरुंधती ने अपने एक लेख में कहा था–श्एक मछुआरे के लिए यह मान लेना कितना गलत है कि वह अपनी नदी को अच्छी तरह जानता है।त्र दरअसल, अरुंधती को भारत, उसके विरोधाभास, समस्याएं, संविधान और लोकतंत्र को ठीक तरीके जानने और समझने की जरूरत है। वे महात्मा गांधी की भूमिका और उनके कद की आलोचना भी कर चुकी हैं। उन्होंने गांधी के उस संदेश को समझने का प्रयास ही नहीं किया कि सामाजिक न्याय की समस्याओं के हल लोकतांत्रिक और अहिंसा के रास्ते भी तलाशे जा सकते हैं। अरुंधती रॉय और उन जैसे बुद्धिजीवी अभिव्यक्ति की आजादी का कवच धारण कर संविधानिक ढांचे और लोकतंत्र को अक्सर चुनौती देते हैं। यह उनका अधिकार हो सकता है, लेकिन देश उनसे बेहतर नागरिक होने की भी अपेक्षा करता है।

# बारिश से जन–जीवन अस्त–व्यस्त



राजधानी दिल्ली में बारिश ने 88 वर्षो का रिकॉर्ड तोड़ते हुए जन–जीवन बुरी तरह अस्त–व्यस्त कर दिया है। मौसम विभाग ने अगले चार दिन भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त करते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।अगले सात दिन तेज वष्रा की संभावनाएं जताई जा रही हैं। भारी बारिश के कारण न्यूनतम तापमान में भी काफी गिरावट आई है। मगर कई इलाकों में जल–भराव के चलते दिल्ली के सारे विकास की हालत पस्त हो गई है।मानसून आगमन के कारण हुई तीन घंटों तक मूसलाधार बरसात के कारण दिल्ली हवाई अड्डे में छत का एक हिस्सा गिरने से एक वाहन चालक की मौत हो गई। साथ ही, अन्य संबंधित घटनाओं में भी सात अन्य लोगों की अलग–अलग मौत हो गई। पुलिस अभी पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के इंतजार में है।भीषण गर्मी के मार झेल रहे दिल्ली वाले मानसून के बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। मगर सामान्य से दो दिन पूर्व हुई इस जबरदस्त बरसात ने रहवासियों को बुरी तरह भयभीत कर दिया है। मोहल्ले और बस्तियां ही पानी में नहीं डूबी हैं, बल्कि कई अति व्यस्त अंडरपास भी बरसात के पानी से लबालब भर गए।समूची दिल्ली ट्रैफिक जाम के चलते थम सी गई। यह कोई पहली बार नहीं है, जब दिल्लीवासियों को जल भराव जैसी समस्या से जूझना पड़ रहा है। हर साल राज्य सरकार का तंत्र घोर लापरवाही करता रहता है और अंत में केंद्र सरकार पर सारा ठीकरा फोड़कर अपने ढें पर चल पड़ता है।दिल्ली ही नहीं, प्राकृतिक आपदाओं के चलते प्रति वर्ष देश भर में जनता को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सैकड़ों मौते होती हैं, और जन–जीवन अस्त–व्यस्त हो जाता है। सिर्फ चमचमाती सड़कों, फ्लाईओवरों और दमकती रोशनी को विकास का पर्याय नहीं माना जा सकता।बल्कि पानी की उचित निकासी और बरसाती पानी के भंडारण की सटीक व्यवस्था की जरूरत ज्यादा है। दरअसल, यह दिल्ली की ही समस्या नहीं है, बल्कि देश के तमाम बड़े शहरों और महानगरों में बारिश होते ही सवाल उठते लगते हैं कि हमारे विकास में क्या खामियां हैं, जो एक ही बारिश में शहर पानी–पानी हो जाते हैं।बरसात में लोगों की परेशानी पर किसी को तो जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी। केंद्र की भी जिम्मेदारी है कि मौसम की मार से जनता को बचाने की पूर्व तैयारियों पर जोर दे। राज्य सरकारों को भी सख्ती से मुस्तैद रहने की नसीहतें दी जाएं।

# नर्सों के चेहरे की मुस्कान भी बनी रहे!

डॉ0 आर.के. सिन्हा

भारत में रोगियों का अस्पतालों में तस्ल्लीबख्श इलाज किस तरह से हो, इस मसले पर नए–नए सुझाव सामने आते रहते हैं। सब अपने–अपने अनुभव और जानकारी के हिसाब से बताते हैं कि रोगियों को हम किस तरह से उच्च कोटि का इलाज दे सकते हैं। पर सारी बहस में हेल्थ सेक्टर की जान नर्सो के योगदान और उनके हितों की चर्चा कहीं पीछे छूट जाती है। यह बात ध्यान रखने की है कि अपने पेशे के प्रति निष्ठावान नर्सों के बिना रोगियों को सही ढंग से इलाज ही संभव नहीं है। इसलिए नर्सों की ट्रेनिंग और इनकी पगार और दूसरी सुविधाओं, खासकर इनके साथ होने वाले विनम्र व्यवहार पर खास देते रहना होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का मानना है कि एक हजार की आबादी पर चार नर्से लाजिमी तौर पर होनी चाहिए। भारत अभी तक इस स्थिति तक नहीं पहुंचा है। भारत में एक हजार लोगों पर औसत दो ही प्रशिक्षित नर्से उपलब्ध हैं।

भारत को अपने हेल्थ सेक्टर को बेहतर बनाने के लिए नर्सिंग क्षेत्र को और सशक्त बनाना होगा। हमारे यहां हर साल करीब ढाई लाख नई नर्से प्रशिक्षित होकर आ जाती हैं। यह बहुत साफ है कि नर्सें किसी भी देश के हेल्थ सेक्टर की जान होती हैं, जो रोगी की देखभाल, उपचार का संचालन और रोगी के मनोबल को बढ़ाकर उन्हें स्वस्थ करने में अहम रोल निभाती हैं। भारत में नर्सों की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। नर्स अपने आप में डॉक्टरों से कोई बहुत पीछे नहीं होती, रोगियों का इलाज करने में। उदाहरण के रूप में कैंसर रोगियों का इलाज करने के लिए विशेष ज्ञान और कौशल की आवश्यकता होती है। ऑन्कोलॉजी नर्सों को उपचार का संचालन करने, दुष्प्रभावों का प्रबंधन करने और रोगियों और उनके परिवारों को भावनात्मक समर्थन प्रदान करने में कुशल होना चाहिए। इसी प्रकार किडनी या लिवर ट्रांसप्लांट के मरीजों को संक्रमण (इन्फेक्शन) से बचाना एक बड़ी समस्या है जिससे निपटने के लिये प्रशिक्षित नर्सें ही प्राणरक्षक का कार्य करती हैं।

अंग्रेज नर्स ''फ्लोरेंस नाइटिंगल'' विश्व में आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक मानी जाती हैं। बेशक, नर्सं किसी भी देश की चिकित्सा प्रणाली का जरूरी अंग हैं। यह रोगियों की जांच में फिजिशियनों एवं ऑपरेशन के दौरान भी सर्जनों की सहायता करती हैं, फीवर और बल्ड शुगर, ब्लड प्रेशर, पल्स रेट आदि नियमित रूप से रिकॉर्ड करती हैं, रोगियों को दवा खिलानेधपिलाने, इंजेक्शन देने का कार्य करती हैं, घावों की पट्टियां बदलती हैं और रोगियों के उपचार का रिकॉर्ड, तापमान, पल्स रेट, पोषाहार, सुधार आदि का रिकॉर्ड भी रखती हैं।अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, नर्सों को अक्सर उनके योगदान के लिए बहुत कम पहचान मिलती है और उनके पेशेवर विकास के अवसर भी कम ही होते हैं। यह सबको पता है कि भारत में अधिकतर नर्स केरल से आती हैं, यूरोप और अमरीका में फिलीपींस से। दोनों ही स्थान समंदर के किनारे बसे हैं। यह अपने घरों को और बाल–बच्चों परिवार को देखने के अलावा नाइट–ड्यूटी भी करती हैं। फिलीपींस और केरल दोनों से हर साल हजारों नर्सें निकलती हैं। नर्सें भारत के विभिन्न भागों अलावा अरब खाड़ी के अन्य देशों में जातीं हैं। फिलीपींस वाली नर्सें ज्यादा पसंद करती हैं अमरीका और यूरोप। इन दोनों जगहों की नर्सों ने अपनी मेहनत और लगन से सारी दुनिया में अपना नाम कमाया है। दिल्ली का सेंट स्टीफंस अस्पताल गुजरे सवा सौ सालों से रोगियों का इलाज कर रहा है।



यहां की नर्सों को इस अस्पताल को स्थापित करने वाली संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी की तरफ से सीख मिलती रही है कि जनसेवा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। इसके चलते सेंट स्टीफंस अस्पताल या इसे छोड़कर किसी अन्य जगह पर जाकर काम करने वाली नर्से हमेशा रोगियों के साथ खड़ी रहती हैं।अगर आप खेलों की दुनिया को करीब से नहीं भी जानते हैं तो भी आपने भारत के मशहूर धावक अमोज जैकब का नाम सुना होगा? हो सकता है कि कि आप कहें कि नर्सों की चर्चा करते हुए हम भटक तो नहीं रहे। यह बात नहीं है। जैकब उस भारतीय पुरुष 4•400 रिले टीम के मेंबर थे जिसने विश्व एथलेटिक्स चौंपियनशिप में नए राष्ट्रीय और एशियाई रिकॉर्ड के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भी भाग लिया था। अमोज जैकब की मां राजधानी दिल्ली के एक अस्पताल में हेड नर्स हैं। अमोज जैकब कहते हैं कि मेरी मां ने दिन–रात रोगियों की सेवा करते हुए मुझे भी हमेशा प्रोत्साहित किया कि मैं बेहतरीन धावक बन जाऊं।अब तो भारत के सभी प्रदेशों से नर्से आ रही हैं खासकर पहाड़ी प्रदेशों उत्तरांचल, मणिपुर, अरुणाचल, मिजोरम, नागालैंड, मेघालय, सिक्किम आदि से। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि केरल की नर्सों की अब भी सब जगहों में बहुत मांग है। वह जहां जाती हैं, वहां पर केरल का नाम रोशन भी करती हैं। उन्हें बेहतर सेवा करने के बदले में अच्छी से अच्छी सैलरी भी मिलनी चाहिए। डब्ल्यूएचओ की एक रिपोर्ट के अनुसार, करीब साढ़े छह लाख भारतीय नर्से देश से बाहर जाकर काम कर रही हैं। जाहिर हैं कि इतनी बड़ी संख्या में नर्सों के देश से बाहर काम करने से देश में और उनके परिवारों में पर्याप्त काफी विदेशी मुद्रा आती ही होगी।

भारत की सबसे बड़ी लक्जरी कारें और बसें उपलब्ध करवाने वाली मान ट्रांसपोर्ट कंपनी के चेयरमेन अमृत मान तो नर्सों की बात होते ही बहुत भावुक हो जाते हैं। वे बताते हैं कि अगर उनकी राजधानी के जयप्रकाश नारायण अस्पताल (पहले इरर्विन अस्पताल) में हेड नर्स के रूप में काम करने वाली मां ने उनका साथ न दिया होता तो वह अपने को स्थापित नहीं कर पाते। अमृत मान की मां ने अपने बेटे को अपनी रिटायरमेंट के वक्त मिले पैसे से टैक्सी दिलवाई। उसके बाद अमृत मान ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनकी कंपनी ही जी–20 शिखर सम्मेलन में भारत सरकार को लक्जरी कारें और बसें उपलब्ध करवा रही थी।

भारत में, नर्सिंग एक ऐसा पेशा है जो महिलाओं द्वारा बड़े पैमाने पर चुना जाता है। इस क्षेत्र में पुरुष नर्सों की भूमिका अभी भी ऐसे क्षेत्रों तक सीमित है, जिसमें रोगियों को उनकी न्यूनतम आवश्यकता होती है जैसे आई.सी.यू.। अभी भी विशेष रूप से प्रसूति एवं महिला रोग विज्ञान विभाग में पुरुष नर्सों को स्वीकार नहीं करते। जानकार मानते हैं कि भारत में एक लाख सहायक नर्स (मिडवाइफों) तथा चार लाख सामान्य नर्स (मिडवाइफों) की कमी है। आप भी मानेंगे कि इस तरह के बहुत भाग्यशाली ही लोग होते हैं, जिन्हें कभी अस्पताल में जाना नहीं पड़ता। उन कठिन दिनों में हमें नर्स की सेवा और उनकी मुस्कान से कितनी राहत मिलती है, यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है। इसलिए यह परम आवश्यक है कि नर्सो के चेहरों मुस्कान बनाए रखने के लिए सरकार और समाज इनके हितों को देखे।जब मैं बहुत ही बीमार था और मेरा किडनी प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांट) हुआ था, मुझे दिल्ली के गंगाराम अस्पताल और सिंगापुर के माउन्ट एलिजाबेथ अस्पताल में महीनों बिताने पड़े थे। नर्सों के व्यवहार और उनकी मुस्कुराहट का मेरे स्वास्थ्य लाभ में बड़ा योगदान है। लेकिन, यदि आप उनका व्यवहार बढ़िया हो, ऐसा छह रहे हैं, तो आपको भी उन्हें अपनी बेटी और बहन की तरह ही मान कर व्यवहार करना होगा। वे कितनी ज्यादा प्रेशर में आठ घंटे भागती रहती हैं, इसका भी ध्यान रहे।

## झमाझम बारिश से झील में तब्दील हुई सड़कें

प्रयागराज । शहर में शनिवार को हुई झमाझम बारिश के चलते कई सड़कें और मुहल्ले जलमग्न हो गए। बाई का बाग, जार्ज टाउन, टैगोर टाउन, कटरा, जानसेनगंज, चौक, राजापुर सहित कई मुहल्लों में निचले इलाकों में स्थित घरों में पानी भर गया। हाईकोर्ट पानी की टंकी, लीडर रोड, लूकरगंज, चकिया, मेडिकल चौराहा, अलोपीबाग आदि जगहों पर सड़कों पर पानी भर जाने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जाम में लोग घंटों जूझते रहे। लीडर रोड, रेलवे जंक्शन पर चारों ओर जलभराव रहा। दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते मौसम सुहावना हो गया है। शुक्रवार को भी जमकर बारिश हुई थी। शनिवार को दोपहर बाद शुरू हुई बरसात ने सड़कों को झील में तब्दील कर दिया। करीब दो घंटे तक मूसलाधार बारिश के चलते आवागमन कई इलाकों में बाधित रहा। सिविल लाइंस से पुराने शहर चौक घंटाघर, जानसेन गंज को जोड़ने वाले निरंजन डॉट पुल के नीचे पानी भर जाने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। यहां पर आवागमन बाधित हो गया। स्मार्ट सिटी का नजारा भी अलग रहा। चारों ओर जलभराव किया।

## कांग्रेस का संविधान सम्मान सम्मेलन आज

प्रयागराज। जिला कांग्रेस कमेटी गंगापार की ओर से रविवार को श्संविधान सम्मान सम्मेलन' सहसों स्थित लाला बाजार मैदान में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय बतौर मुख्य अतिथि विचार रखेंगे। विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी, अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा, बाराबंकी सांसद तनुज पुनिया, इलाहाबाद सांसद उज्जवल रमण सिंह वहां मौजूद लोगों को सम्बोधित करेंगे। पार्टी के जिला शहर कमेटी के प्रवक्ता हसीब अहमद ने बताया की दोपहर 12रू30 बजे राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पाण्डेय बमरौली एयरपोर्ट से चलकर 1रू30 बजे कार्यक्रम स्थल सहसों पहुंचेंगे। जिलाध्यक्ष सुरेश यादव ने बताया की विधानसभा स्तरीय संविधान सम्मान सम्मेलन में बीस हजार से अधिक लोगों के शामिल होने का लक्ष्य है। जिसकी तैयार पूरी कर ली गई है।

## कांग्रेस जनों ने नीलम करवरिया के निधन पर जताया शोक

प्रयागराज । पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह एवं महानगर कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने नीलम उदयभान करवरिया के आकस्मिक निधन पर उनके कल्याणी देवी आवास पर जाकर उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि दी और कहा कि ईश्वर उनके परिजनों को इस असहनीय दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करे। नीलम उदयभान करवरिया का जाना समाज और प्रयागराज के लिए अपूर्णनीय क्षति है। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से कर्मचारी नेता सुभाष पांडेय, आंनद घिल्डियाल आनु, विनय पांडेय, कमल शर्मा, दिलीप पटेल, संदीप वालिया, राम आसरे मिश्रा, विश्वनाथ पांडेय, शिवदत्त पांडेय रहे इत्यादि शामिल रहे।

## सीबीएसई क्लस्टर फाइव एथलेटिक्स में वाईएमसीए को तीसरा स्थान

प्रयागराज । वाईएमसीए सेंटेनरी स्कूल और कॉलेज ने सीबीएसई क्लस्टर फाइव एथलेटिक्स प्रतियोगिता में तीसरा स्थान स्थान प्राप्त किया जबकि प्रतियोगिता के अंडर–17 बालिका वर्ग में ओवरऑल चौंपियनशिप पर कब्जा जमाया। वाईएमसीए के छात्र–छात्राओं ने इसमें 15 स्वर्ण, सात रजत और सात कांस्य सहित 29 पदक जीते। वाईएमसीए की प्रधानाचार्या रीमा मसीह के अनुसार वाराणसी के संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल में 25 से 27 सितंबर तक आयोजित क्लस्टर फाइव एथलेटिक्स मीट में दो सौ से अधिक स्कूलों ने भाग लिया। इसमें 100 मीटर दौड़ और 4 गुणे 400 मीटर दौड़ में सत्यम यादव, शिवम यादव, लक्ष्य यादव, आदित्य पाल और कार्तिकेय वर्मा ने, 4 गुणे 100 मीटर दौड़ और 4 गुणे 400 मीटर दौड़ में त्रिपर्णा दत्ता, श्रीपर्णा दत्ता, अनन्या श्रीवास्तव, माही सिंह और श्रेया भारती ने स्वर्ण पदक, 400 मीटर और 800 मीटर दौड़ में शिवम यादव, त्रिपर्णा दत्ता, श्रीपर्णा दत्ता, छवि कुंवर और टेबल टेनिस में वंश खरे ने रजत और, 4 गुणे 100 मीटर रिले और 3000 मीटर दौड़ में सत्यम यादव, शिवम यादव, लक्ष्य यादव, आदित्य पाल, कार्तिकेय वर्मा, रिया पांडे, त्रिपर्णा दत्ता ने कांस्य पदक जीता। प्रधानाचार्या रीमा मसीह ने प्रतिभागियों को बधाई और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## मंडलीय विद्यालयीय क्रिकेट के लिए संभावित टीम घोषित

प्रयागराज । मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान पर तीस अक्टूबर को होने वाली अंडर–14 मंडलीय विद्यालयीय क्रिकेट के लिए संभावित टीम घोषित कर दी गई है। कॉलेज के शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता अकील अब्बास रिजवी के अनुसार टीम इस प्रकार है। मोहम्मद तंजील खान, अर्श यदुवंशी, शिवम पटेल, रेहान अली, रेहान खान, आर्यन तिवारी, प्रिंस यादव, हमजा इकबाल, आशीष यादव, शिवम गुप्ता, आरूष, आयुष कुमार, आरूष पाल, आयुष यादव, मुबारक अहमद, अभय सिंह, प्रांजल मिश्र, मुनतफिर अहमद एवं सतीश गुप्ता।

## कात्यायनी का यूपी अंडर–19 टीम में चयन

प्रयागराज । आशीष नेहरा क्रिकेट अकादमी की प्रशिक्षु कात्यायनी पाठक का चयन उत्तर प्रदेश की अंडर–19 टी–20 क्रिकेट टीम में हुआ है। कात्यायनी की कोच स्वाति सिंह के अनुसार यूपी टीम एक से आठ अक्टूबर तक चंडीगढ़ में अपने सभी मुकाबले खेलेगी। कात्यायनी दाहिने हाथ की बल्लेबाज होने के साथ ऑफ ब्रेक गेंदबाज भी हैं। उत्तर प्रदेश का पहला मैच एक अक्टूबर को बंगाल से होगा।

## पूर्णाहुति हवन एवं भंडारे के साथ हुआ श्रीमद् भागवत कथा का समापन

प्रयागराज । श्री प्राचीन दधिकान्दो मेला कमेटी कृष्णा नगर त्रिवेणी मार्ग कीडगंज के द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा पूर्णाहुति हवन के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी सपत्नी पूर्व पार्षद सविता केसरवानी के साथ लोक कल्याण की मंगल कामना को लेकर हवन किया।


### उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या : 24/66 दिनांक : 27.09.2024

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज (आई.एस.ओ.9001:2015 प्रमाणित इकाई) निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 70242683 | विनायल कोटेड अफोल्सेट्री फैब्रिक | 35000 मीटर | 25-अक्टूबर-24 |
| 64245257 | हाइड्रोलिक प्रोपोर्शनल वाल्व | 19 नग | 30.10.2024 |
| 64245267 | बीसीएम ड्राइविंग पम्प | 04 नग | 24.10.2024 |
| 64245258 | सर्वो वाल्व | 68 नग | 06.11.2024 |
| 6324RC06 | मैन्युफैक्चरिंग एण्ड सप्लाई ऑफ 10 एमएम थिक सीजीआरएसपी फॉर वाइडर पीएससी स्लीपर | 5812815 नग | 31.10.2024 |

नोट : उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। 1717/24 (C)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# समय से सुनिश्चित करें आशाओं का भुगतान: डीएम

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय व विशेष संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक एवं डेंगू नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित

प्रयागराज। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में शनिवार को संगम सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय, 01 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक एवं डेंगू नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक एवं डेंगू नियंत्रण अभियान की समीक्षा करते हुए समस्त विभागों को समन्वय बनाकर अभियान संचालित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने शिक्षा विभाग को डेंगू एवं संचारी रोगों से बचाव हेतु बच्चो के माध्यम से प्रचार–प्रसार करने को कहा। उन्होंने पशुचिकित्सा विभाग एवं पंचायतीराज विभाग को साफ–सफाई कराने एवं होर्डिंग व वॉल पेंटिंग के माध्यम से लोगो में जागरूकता लाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने डेंगू के प्रभाव वाले क्षेत्रों में एण्टी लार्वा, दवाओं का छिड़काव, साफ–सफाई लगातार कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों से लोगो को डेंगू से बचाव के लिए क्या करें, क्या न करें के सम्बंध में जागरूक करने के लिए कहा है। डेंगू से प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में डीपीआरओ से नालियों की साफ–सफाई व वहां पर दवाओं का छिड़काव कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने दस्तक अभियान के तहत समस्त ब्लॉक अधिकारी को क्षेत्र आवंटित कर दस्तक अभियान के संदर्भ में उनके क्षेत्र में किये गये कार्य की समीक्षा करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने सड़क पर घूमने वाले छुट्टा गौवंशों को गौशालाओं में संरक्षित कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति समीक्षा करते हुए जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम, मंत्रा पोर्टल पर प्रसव की इंट्री, ई–कवच एप, आयुष्मान योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण, आरसीएच पोर्टल पर पंजीकरण एवं अपडेशन के कार्यों सहित स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन के प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की प्रगति की समीक्षा करते हुए अभी तक जनपद के कितने कार्ड बन चुके है तथा कितने लोगो ने इसका प्रयोग किया है, की जानकारी ली। उन्होंने आशाओं के भुगतान के बारे में जानकारी लेते हुए उनके भुगतान को समय से किया जाना सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आशु पाण्डेय, जिला मलेरिया अधिकारी ए0के0 सिंह सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पंचतत्व में विलीन हुई पूर्व विधायक नीलम करवरिया

प्रयागराज। पूर्व विधायक नीलम करवरिया का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। रसूलाबाद घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके पति पूर्व विधायक उदयभान करवरिया ने दी। उनकी शव शाम करीब साढ़े चार बजे कल्याणी देवी स्थित आवास से गंगा घाट के लिए रवाना हुई। शव यात्रा में हजारों की संख्या में लोगों का हजूम उमड़ पड़ा। हाईकोर्ट से पेरोल मिलने के बाद जेठ पूर्व सांसद उदयभान करवरिया और देवर पूर्व एमएलसी सूरजभान करवरिया करीब चार बजे आवास पर पहुंचे। सुबह दस बजे हाईकोर्ट ने पेरोल का आदेश जारी किया था। कागजी कार्रवाई पूरी होने में काफी समय लग गया और शाम चार बजे के करीब दोनों भाई जेल से बाहर निकलने के बाद कल्याणी देवी आवास पर पहुंचे। इसके बाद शव यात्रा रवाना हुई। शव वाहन को फूलों से सजाया गया था। सांसद प्रवीण पटेल, पूर्व सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी, पूर्व मंत्री राकेशधर त्रिपाठी, विधायक वाचस्पति, हर्षवर्धन बाजपेयी आदि सहित बड़ी संख्या में राजनीतिक दलों के लोगों ने हिस्सा लिया। भाजपा समेत कांग्रेस, बसपा और सपा से जुड़े नेताओं ने आवास और घाट पर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। शव यात्रा के चलते सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही। बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था।

# मिशन शक्ति के माध्यम से दिया सुरक्षा सम्मान और स्वावलम्बन का सन्देश




वाराणसी। संत अतुलानंद कॉन्वेण्ट स्कूल कोइराजपुर हरहुआ, वाराणसी के इन्द्रधनुष सभागार में मिशन शक्ति अभियान फेज–4 के अन्तर्गत महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन तथा टीम मीडिया एक्सपर्ट्स के सौजन्य से महिलाओं, बालिकाओं व बच्चों की आत्मसुरक्षा हेतु पाँच दिवसीय 'निडर' कार्यक्रम का समापन समारोह सम्पन्न हुआ, जो विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण के परिप्रेक्ष में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री मोहित अग्रवाल (पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट, वाराणसी) की गरिमामयी उपस्थिति से सभी के भीतर अपूर्व उत्साह का सृजन हुआ। यह कार्यक्रम श्रीमती पद्मजा चौहान (ए0डी0जी0वी0सी0एस0ओ0) के कुशल निर्देशन में किया गया, जिसमें मातृशक्ति को नमन करते हुए नारी सुरक्षा सम्मान व स्वावलम्बन के मूलमंत्र को दोहराया गया। उत्तर प्रदेश के सात विभिन्न शहरों में आयोजित होने वाली इस विशेष कार्यशाला में चयनित प्रथम शहर वाराणसी में आज इस पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन किया गया। सजगता एवम् सशक्तिकरण को समर्पित इस अभियान के द्वारा साइबर बुलिंग, एसिड अटैक तथा अश्लील वीडियोग्राफी जैसे संवेदनशील मुद्दों पर विशेष जानकारी दी गई। संस्था सचिव श्री राहुल सिंह जी एवम् निदेशिका डा० वंदना सिंह जी ने पुलिस विभाग से पधारे मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवम् अन्य पदाधिकारियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की एवम् यह आश्वासन दिया कि विद्यालय के शिक्षकों एवम् विद्यार्थियों के माध्यम से यह संदेश समाज को जागरूकता और सशक्तिकरण से जोड़ेगा। विद्यालय की प्रधानाचार्या डा० नीलम सिंह जी ने पुलिस विभाग की इस पहल को सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवा पीढ़ी को न सिर्फ ज्ञान से समृद्ध करते हैं अपितु उनमें समाजिक समरसता को भी बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शेफाली श्रीवास्तव एवम् मनीषा पाण्डेय ने किया।

## पेरोल पर छूटे कपिलमुनि और सूरजभान, अंतिम संस्कार में हुए शामिल

प्रयागराज। पूर्व विधायक नीलम करवरिया के अंतिम संस्कार में हिस्सा लेने के लिए जेठ पूर्व सांसद कपिलमुनि करवरिया और देवर पूर्व विधान परिषद सदस्य सूरजभान करवरिया को तीन दिनों की पैरोल मिल गई है। दोनों शनिवार को नैनी सेंट्रल जेल से तीन दिनों के लिए दोनों बाहर आये और अंतिम संस्कार में शामिल हुए। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और सुरेंद्र सिंह प्रथम की अदालत ने उदयभान और सूरजभान की अपील पर सुनवाई करते हुए दोनों को 28 सितंबर से एक अक्तूबर को शाम चार बजे तक की पेरोल पर छोड़ने का आदेश दिया है। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस की तैनाती रहेगी।

# संस्कृत भाषा की प्राचीनता और वैज्ञानिकता पर हुई चर्चा

## संस्कृत भाषा के उच्चारण और महत्व पर आयोजित संगोष्ठी एवं बच्चों की पाठशाला

प्रयागराज । उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैरू।न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशान्ति मुखे मृगारू।ष अर्थात सिर्फ इच्छा करने से उसके काम पूरे नहीं होते–बल्कि व्यक्ति के मेहनत करने से उसके काम पूरे होते हैं।उक्त विचार आचार्य पंडित शिवेन्द्र सारस्वत ने बच्चों को संस्कृत भाषा के उच्चारण और महत्व पर हिन्दुस्तानी अकेडमी में आयोजित संगोष्ठी एवं बच्चों की पाठशाला में रखे। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ व महासागर शिक्षा समिति प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दुस्तानी अकेडमी में संस्कृत भाषा की प्राचीनता और वैज्ञानिकता पर संस्कृत के ज्ञानियों का जमावड़ा लगा तो संस्कृत पर शोध और उसके उन्नति के लिए कार्य करने वाले विद्वानों व बटुकेश्वरों को शॉल ओढ़ाकर व मोमेंटो दे कर सम्मानित भी किया गया। अति विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर उषा मिश्रा ने संस्कृत में लकारों की संख्या के बारे में बताते हुए कहा की ऐसे तो संस्कृत में लकारों की संख्या दस होती है लेकिन उनमें से पांच लकारों का उपयोग सबसे अधिक होता है जिसमें लट्, लिट्, लुट्, लृट्, लोट्। कहा इन दस लकारों के प्रारंभ में ल है इसलिए इसे लकार कहते हैं। विशिष्ट अतिथि पंडित मधूकर मिश्रा ने बच्चों से प्रश्नों के माध्यम से उनके संस्कृत ज्ञान पर सवाल पूछे की 14, शिव सूत्र क्या हैं?माहेश्वर सूत्र क्या हैं ? संस्कृत में माहेश्वर सूत्रों की संख्या कितनी है ।प्रश्नों के सही उत्तर देने वाले बच्चों को महासागर शिक्षा समिति और कार्यक्रम आयोजक इफ्तेखार आलम खान की ओर से पुरुस्कृत किया गया। संगोष्ठी की शुरुआत शिव वंदना व दीप प्रज्ज्वलित कर हुई जिसमें हरीश चंद्र मालवीय के संचालन में वक्तागण शिवेन्द्र सारस्वत, धीरज पाण्डेय, अक्षत मालवीय, प्रांजल मालवीय, अंजल मालवीय, प्रोफेसर अशोक पाण्डेय तेज प्रताप तिवारी, अभिषेक मालवीय, अनिल टंडन, अर्पित मिश्रा, पंडित यश महाराज, सृजन शर्मा, कृति कृष्णा मिश्रा ने विचार व्यक्त किए। आयोजक मण्डल के इफ्तेखार आलम खान, सुनील अहमद खान, सरदार चरणजीत सिंह, अधिवक्ता एम ए अंसारी ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## प्रयागराज जंक्शन पर टिन शेड गिरने से रिक्शा चालक की मौत

प्रयागराज। प्रयागराज जंक्शन के सिटी साइड के यात्री आश्रय की आड़ में खड़े 55 वर्षीय रिक्शा चालक की टिन शेड गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर रेलवे की टीम पहुंची। घायल यात्री को अस्पताल भेजा गया। देर शाम तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। प्रयागराज जंक्शन के सिटी साइड में महाकुम्भ की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यात्री आश्रय स्थल बनाए जा रहे हैं। यात्री आश्रय नंबर तीन पर शनिवार दोपहर बारिश से बचने के लिए कुछ लोग खड़े हो गए। शाम करीब साढ़े तीन बजे तेज हवा के साथ बिजली कड़कने लगी, उसी दौरान टिन शेड का एक हिस्सा गिर गया। एक राहगीर के सिर में चोट आई, जबकि रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई। आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची।

## ई–रिक्शा का दायां गेट होगा बंद, नहीं मानने पर किए जाएंगे सीज

बस्ती। शहर में चलने वाले ई–रिक्शा की मनमानी पर रोक लगाने की कवायद यातायात विभाग ने शुरू कर दिया है। सड़क पर कहीं भी खड़ा कर रांग साइड दांए गेट से सवारी उतारने के कारण आए दिन हो रही दुर्घटनाएं पर अंकुश लगाने के लिए ई–रिक्शा के दाएं साइड का दरवाजा बंद होगा। सीओ ट्रैफिक की उपस्थित में ई–रिक्शा संगठन की बैठक में यह निर्णय हुआ है। निर्णय को पालन कराने की पहल जल्द ही शुरू की जाएगी। अगले सप्ताह से नियम न मानने वाले ई– रिक्शा चालकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए जरूरी हुआ तो ट्रैफिक पुलिस इनके वाहन सीज भी करेंगे। सभी चालकों व उनके मालिकों से दायीं ओर के गेट और खिड़कियों पर पत्ती या रस्सी लगवाकर बंद करवाने।

# पर्यावरण को स्वच्छ रखना जन जन का दायित्व– न्यायमूर्ति रणविजय सिंह

प्रयागराज। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज , सर्वोदय नगर, अल्लापुर में श्रद्धेया सुमित्रा देवी गुप्ता की पुण्य स्मृति में भारतीय सांस्कृतिक परिषद एवं विविध फाउंडेशन के तत्वाधान में पर्यावरण संरक्षण विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति रणविजय सिंह (अ प्रा) एवं विशिष्ट अतिथि पवन कुमार श्रीवास्तव, निरीक्षक संस्कृत विद्यालय एवंसंजय कुमार गुप्ता एस ई ट्रांसमिशन ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया। अतिथियों का स्वागत डॉ अनन्त कुमार गुप्ता उप प्रधानाचार्य, इलाहाबाद इंटर कालेज ने किया। डा शंभूनाथ त्रिपाठी, अवकाश प्राप्त प्राचार्य संस्कृत महाविद्यालय, दुर्गेश दुबे राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय संस्कृति परिषद, दीपक पांडेय सहायक लेखाधिकारी, सत्यव्रत मिश्र, अधिवक्ता ने छात्र–छात्राओं को आशीर्वाद वचन दिया। अशोक कुमार गुप्ता अवकाश प्राप्त वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने भी अतिथियों का अभिवादन एवं बच्चों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम का संचालन सतीश कुमार गुप्त, नगर अध्यक्ष, भारतीय सांस्कृतिक परिषद ने किया तथा धन्यवाद सुरेश चंद्र तिवारी प्रधानाचार्य ने व्यक्त किया। निबन्ध प्रतियोगिता में आकाश गुप्ता, हिमांशी शुक्ला, अंश त्रिपाठी, चित्रकला प्रतियोगिता में अनुष्का कुमारी, अक्षरा रावत, पलक तथा जूनियर वर्ग में निबंध प्रतियोगिता में पीयूष पांडे, आस्था एवं मयंक जबकि चित्रकला में प्रिंस कुमार, संजना सरोज एवं खुशी सभी क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# ज्वाला देवी गंगापुरी में हुआ मातृ भारती का गठन

प्रयागराज। स्थानीय प्रो0 राजेन्द्र प्रसाद सिंह (रज्जू भैया) शिक्षा प्रसार समिति द्वारा संचालित ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज गंगापुरी में आज ''मातृ भारती गठन एवं मातृ सम्मेलन'' का आयोजन वन्दना सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मॉ सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन, दीपार्चन एवं वन्दना से हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में असिस्टेंट प्रोफेसर कुलभास्कर डिग्री कॉलेज प्रयागराज डॉ. प्रिया श्रीवास्तव अध्यक्ष के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती स्नेहा पाण्डेय तथा श्रीमती रचना मिश्रा, योग शिक्षिका एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र उपस्थित रहे। विद्यालय मातृ भारती की प्रमुख एवं कार्यक्रम की संयोजिका आचार्या श्रीमती बेबिका राय ने अतिथियों का परिचय कराया। साथ ही कहा कि समाज में मॉ ही भावी पीढ़ी का निर्माण करती है। इसी बात का ध्यान रखते हुये विद्याभारती के विद्यालयों में मातृभारती का गठन किया जाता है। कार्यक्रम संयोजिका बेबिका राय द्वारा मातृ भारती में चयनित पदाधिकारियों की घोषणा की गई जिसमें रचना मिश्रा (संरक्षक), बीनू सक्सेना (अध्यक्ष), सुनीता मिश्रा (उपाध्यक्ष), प्रीती पाण्डेय (मंत्री), प्रिय पाठक (सहमंत्री), सुप्रिया शुक्ला (कोषाध्यक्ष), नीतू तिवारी (प्रचार प्रसार मंत्री), रीना पाठक, सुमन सिंह, आराधना मिश्रा, नीतू सिंह,विजया मिश्रा, पूजा, रश्मि तथा कीर्ति (सदस्य) निर्वाचित हुईं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालयों की इस परम्परा में हम सभी मातृशक्तियों को बुलाकर अविस्मरणीय सम्मान दिया है। सम्पूर्ण कार्यक्रम की प्रस्ताविकी विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र ने रखते विचार हुए कहा कि संसार में मां ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ रचना है जिसकी तुलना किसी से भी नहीं की जा सकती है। कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों एवं मातृशक्तियों का आभार ज्ञापन मीनाक्षी मेहरोत्रा ने किया एवं संचालन रीता विश्वकर्मा, सरोज सिंह व श्रद्धा श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मॉ सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन, दीपार्चन एवं वन्दना से हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में असिस्टेंट प्रोफेसर कुलभास्कर डिग्री कॉलेज प्रयागराज डॉ. प्रिया श्रीवास्तव अध्यक्ष के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती स्नेहा पाण्डेय तथा श्रीमती रचना मिश्रा, योग शिक्षिका एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र उपस्थित रहे। विद्यालय मातृ भारती की प्रमुख एवं कार्यक्रम की संयोजिका आचार्या श्रीमती बेबिका राय ने अतिथियों का परिचय कराया। साथ ही कहा कि समाज में मॉ ही भावी पीढ़ी का निर्माण करती है।


सम्पादक
सिद्धनाथ द्विवेदी
प्रबन्धक निदेशक
दीपक जयसवाल
सम्पादकीय कार्यालय
11ई/2, ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद



इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के आधीन होगा।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सिद्धनाथ द्विवेदी द्वारा काम्पीटेंट बिजनेस सर्विसेज विष्णु पदम कुटीर 115डी/2ई लूकरगंज, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 399 कृष्णानगर कीडगंज से प्रकाशित।
सम्पादक–सिद्धनाथ द्विवेदी, आरएनआई नं. UPHIN/2007/22706 रजि.नं. AD-32/2008-09 ईमेल: amritkt.alld@gmail.com फोन नं. : 9453273951, 8799627062